RAF SECTOR

NEWS CLIP

04/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan Prayagraj (UP)



जुमे की नमाज के मद्देनजर 'जामा मस्जिद' के आसपास पैरामिलिट्रि के जवान तैनात रहे। • हिन्दुस्तान

शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा

प्रयागराज | कार्यालय संवाददाता

जुमा के दिन शहर का माहौल पूरी तरह शांत रहा। नमाज के बाद लोग मस्जिदों से निकले लेकिन कहीं भीड़ इकट्ठा नहीं हुई। सभी अपने-अपने घर लौट गए। एहतियातन जामा मस्जिद समेत शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही।

सीएए व एनआरसी के विरोध में 19 दिसंबर को जुमा की नमाज के बाद हजारों की भीड़ ने पूरे शहर में प्रदर्शन किया था। उसके बाद से पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। प्रत्येक जुमा को नमाज से पहले प्रमुख मस्जिदों के बाहर व उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहती है। शुक्रवार को भी चौक स्थित जामा मस्जिद के बाहर व उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स व आरएएफ तैनात रही। वाटर कैनन वाहन भी खड़ा था।

इसके अलावा पीएसी वाले भी बुलाए गए थे। दोपहर करीब 11 बजे से तीन बजे तक ये फोर्स कोतवाली के सामने तैनात रही। हालांकि मस्जिद में जुमा की नमाज के लिए इकट्ठा हुए लोग नमाज पढ़ने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने घर चले गए। कहीं कोई भीड़ इकट्ठा नहीं हुई। यही हाल शाहगंज, नखास कोहना, रोशनबाग, अटाला, करैली, दरियाबाद समेत सभी मुस्लिम बाहुल्य इलाकों की मस्जिदों के आसपास का रहा। दिन में जुमा की नमाज से पहले पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। सिविल लाइंस इलाके की मस्जिदों के बाहर में एहतियातन पुलिस तैनात रही। नमाज के बाद माहौल पूरी तरह शांत रहने पर व लोगों के घर लौट जाने के बाद फोर्स हटा ली गई।

बरती गई सतर्कता

- एहतियातन जामा मस्जिद के आसपास तैनात रही फोर्स
- दोपहर में नमाज पढ़ने के बाद लौटे लोग, कहीं नहीं जुटी भीड़

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।